हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## ट्रेनों में वेटिंग अधिक होने के बाद दीपावली पर घर जाने अब लोग बसों में करवा रहे बुकिंग



### एमपी, यूपी और बिहार की बसों का अधिक किराया

दीपावली व छठ पूजा को लेकर यूपी व बिहार की ट्रेनों में वेटिंग अधिक है। इस वजह से बस संचालकों ने इसी रूट में किराया बढ़ा दिया है। ट्रेन में रायपुर से पटना का सफर स्लीपर में 510 है, तो वही बस में यात्रियों को 1700 तक देना पड़ रहा है। सीधी बस नहीं होने से यात्रियों को अंबिकापुर से बस बदलना भी पड़ रहा है। दूसरी तरफ वेटिंग यात्रियों को सफर करने की अनुमति नहीं होने से यात्री ▶▶ शेष पेज 18 पर

# ट्रेनें पैक, बसों का किराया हुआ दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपावली को लेकर ट्रेनों से लेकर बसों में भीड़ बढ़ गई है। रायपुर से महानगरों को जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग इन दिनों 100 के पार पहुंच चुकी है, जिसके कन्फर्म होने की संभावना रेलवे 90 प्रतिशत नहीं बता रहा है। ऐसे में ज्यादातर यात्री बस की बुकिंग करवा रहे हैं, लेकिन यहां भी ट्रेन से अधिक किराया वसूला जा रहा है। चक्रवात के कारण 27 अक्टूबर तक रायपुर से गुजरने वाली अजमेर, पुरी, सूरत जाने वाली प्रमुख ट्रेन प्रभावित है। इस वजह से यात्री अधिक किराया देकर बसों में सफर करने को मजबूर हैं। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला बसों में अधिक किराया केवल 30 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच ही वसूला जा रहा है। रायपुर से नांदेड़ के लिए हर दिन दो ट्रेन की सुविधा है, लेकिन वर्तमान ▶▶ शेष पेज 18 पर

**केस 1**

1 नवंबर को रायपुर से नासिक का किराया 3500 से 4000 है, लेकिन 30 अक्टूबर को का इसी बस में किराया बुक माय ट्रिप में 2500 दिखा रहा है। 1000 रुपए अधिक बढ़ाया है। नवंबर में नासिक की ट्रेनों में वेटिंग अधिक है।

**केस 2**

30 अक्टूबर को रायपुर से इंदौर का बस किराया 2300 है। वही 11 नवंबर में दीपावली के बाद 1700 तक कर दिया गया है। ट्रेन में इतने किराए में सेकंड एसी में सफर कर सकते हैं।

**केस 3**

रायपुर से भोपाल का किराया 29 से 5 नवंबर तक 2500 है, तो वही 10 नवंबर के बाद किराया 1300 से 1450 तक है। एक सीट के पीछे 1200 अधिक किराया लिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

रायपुर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक्टिवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः उत्तरप्रदेश आंबेडकर नगर निवासी विकाश मिश्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। घटना दिनांक को विकाश महावीर नगर सिग्नल के पास एक्टिवा से रोड क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान महाराष्ट्र पासिंग ट्रक एमएच 03 सीवी 9193 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए युवक का एक्सीडेंट कर दिया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सबसे ज्यादा रिंगरोड प्रभावित होगा

# राष्ट्रपति के आगमन पर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का शुक्रवार को रायपुर आगमन हो रहा है। वे यहां एम्स तथा डीडीयू ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचेंगी। दीक्षांत समारोह के बाद शाम 6 बजे पुरखौती मुक्तांगना जाएंगी। दूसरे दिन शनिवार को राष्ट्रपति गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर दर्शन के बाद भिलाई के लिए रवाना होंगी। भिलाई से लौटने के बाद नवा रायपुर स्थित आयुष विश्वविद्यालय जाएंगी। शाम 5 बजे माना से दिल्ली के लिए वापस लौट जाएंगी। राष्ट्रपति की जिन मार्गों से आवाजाही होगी, उन मार्गों में आवाजाही के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। ▶▶ शेष पेज 18 पर

### इन रास्तों से आवाजाही पर रहेगी रोक




**25 अक्टूबर सुबह 11 बजे**

- माना एयरपोर्ट से टेमरी, फुंडहर, एक्सप्रेस-वे
- तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के नीचे रिंगरोड-1 से पचपेड़ीनाका, संतोषीनगर, कुशालपुर चौक
- रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड से होकर ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री हास्पिटल चौक से एनआईटी तिराहा, रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के सामने, आमानाका ब्रिज, मोहबा बाजार चौक, मोहबा बाजार ब्रिज से एम्स हास्पिटल गेट नंबर-5

### पार्किंग पुराने टर्मिनल में शिफ्ट, दो घंटे पहले पहुंचना होगा एयरपोर्ट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छग प्रवास को देखते हुए हवाई यात्रियों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। सभी यात्रियों को निर्धारित समय से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था पुराने टर्मिनल की ओर की गई है।जारी एडवाइजरी के अनुसार, राष्ट्रपति का विशेष विमान से ▶▶ शेष पेज 18 पर

- राष्ट्रपति के रायपुर दौरे को देखते हुए हवाई यात्रियों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी

RAIPUR INTERNATIONAL GRAND CONSUMER EXPO (RIGCE)
Supported by MICRO SMALL & MEDIUM ENTERPRISES सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम OUR STRENGTH हमारी शक्ति MINISTRY OF MSME, Govt. of India
18th OCT to 3rd NOV'24
RAVAN BHATA GROUND
NEW BUS STAND, RAIPUR
SPECIAL ATTRACTIONS
HANDLOOM EXPO

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, नागालैंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, बिहार, उत्तराखण्ड, सिक्किम, बंगाल, ग्रासमेट
1:00pm to 10:00pm
Organized by: Crafts India RC Group
sumit



# कांग्रेस प्रत्याशी आकाश की नामांकन रैली में भूपेश, महंत समेत दिग्गज नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा की नामांकन रैली के बहाने कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाई। रैली में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत कई दिग्गज नेता और बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। नामांकन रैली से पहले गांधी मैदान पर कांग्रेस की सभा हुई, जिसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, झारखंड और महाराष्ट्र के साथ-साथ रायपुर दक्षिण का उप चुनाव हो रहा है। सरकार के ग्यारह महीने की नाकामी को उपचुनाव के माध्यम से आईना दिखाना है। पूरे प्रदेश में अपराध, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ की पढ़ाई निम्न स्तर पर जा रही है। रायपुर अपराध और नशा का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा, शहर की जनता ने बृजमोहन को वोट देकर चुनाव जिताया था, लेकिन भाजपा बृजमोहन और सुनील सोनी को निपटाने पर तुल गई है। हमारे प्रत्याशी को बाहरी कहा जा रहा है, वो भी बृजमोहन अग्रवाल कह रहे हैं, तो मुझे शर्म आ रही है। पूरे दक्षिण में ज्यादातर लोगों का पता बाहर का है, ये आकाश शर्मा का नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ियों का अपमान है।

भूपेश बोले- आकाश को बाहरी बताकर भाजपा ने किया छत्तीसगढ़ियों का अपमान



## सोनी की झूठी उपलब्धि गिना रहे : बघेल



भूपेश बघेल ने कहा, बृजमोहन, सुनील सोनी की झूठी उपलब्धि गिना रहे हैं। महापौर, आरडीए अध्यक्ष और सांसद रहते हुए सुनील सोनी ने एक काम नहीं किया है। दक्षिण की जनता अब ऊब गई है, इस बार बदलाव तय है। हमारे प्रत्याशी युवा आकाश हैं, जिनके साथ पूरे दक्षिण का आशीर्वाद है। भाजपा ने बृजमोहन के चेहरे को हटा दिया और मिटा दिया है।

## युवा शक्ति को हमें दिखाना है : महंत



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, हमारे नौजवान साथी आकाश शर्मा को टिकट मिला है, तो हम सभी को युवा जोश के साथ चुनावी मैदान पर उतरना है। आलाकमान ने आकाश पर भरोसा जताया है। युवा शक्ति को हमें दिखाना है।

## इस बार भाजपा का इतिहास बदलेगा : बैज



प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का नामांकन फॉर्म भरने आए हैं। ऐतिहासिक जनसैलाब और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति उनके जीत का बहुत बड़ा संदेश दे रही है। हमारे प्रत्याशी, भाजपा का इतिहास बदलकर जीत दर्ज करेंगे।

## खबर संक्षेप

### संत गोविंदराम साहिब का जन्मोत्सव आज अन्न-वस्त्र बांटेंगे

**रायपुर।** संत शदाणी नगर बोरियाकला स्थित पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में 25 अक्टूबर को गुरु संत गोविंदराम साहिब का 80वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धर्मिक कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के अलावा नागपुर, अमरावती, भोपाल, इंदौर, रीवा, लखनऊ, दिल्ली और राजस्थान से श्रद्धालु शामिल होंगे। यह जानकारी शदाणी दरबार के प्रवक्ता नंदलाल साहित्या ने देते हुए बताया कि सुबह 9 से 12 बजे समाधि स्थल पर पंचामृत स्नान, आरती एवं प्रवचन होंगे। शाम 6 से रात्रि 11 बजे तक दरबार तीर्थ में अन्न, वस्त्र वितरण एवं छत्तीसगढ़ी स्टार नाइट का भव्य आयोजन है। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे स्टेज प्रोग्राम के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं प्रदेश के खेल मंत्री टंकराम वर्मा का उद्बोधन होगा। प्रतिवर्ष की तरह दरबार तीर्थ के आसपास के लगभग 5 हजार ग्रामीणों को अन्न, वस्त्र संत डॉ. युधिष्ठिर लाल के मार्गदर्शन में शदाणी सेवा मंडल द्वारा वितरित किए जाएंगे।

### रेरा ने 412 बिल्डरों को थमाया नोटिस




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने वाले 412 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। संबंधित बिल्डर्स द्वारा समय पर त्रैमासिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। कुछ योजनाएं निर्धारित समय के बाद भी पूर्ण नहीं हुई हैं, उन्हें भी नोटिस दिया गया है। 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन जानकारी अपडेट करने तथा योजना अपूर्ण होने की स्थिति में कारण बताते हुए समय विस्तारण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर रेरा द्वारा संबंधित बिल्डर्स/प्रमोटर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### 24 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक 24 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। गुरुवार को सुंदर समाज पार्टी से रामकुमार अजगल्ले, सर्व आदि दल से अंकुश बरीयेकर, धूं सेना से नीरज सैनी, निर्दलीय से जितेंद्र शर्मा, अखिल भारतीय जनसंघ से रवि कुमार श्रीवास, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से अखिलेश ब्रम्हदेव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से मजहर इकबाल, निर्दलीय से मनीष श्रीवास्तव ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

### बलरामपुर थाने में मौत, की जांच करेगी कांग्रेस समिति

**रायपुर।** बलरामपुर के कोतवाली थाने में जिला अस्पताल के भृत्य की पुलिस प्रताड़ना में हुई मौत के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया है। समिति के अन्य सदस्यों में शफी अहमद, राजेंद्र तिवारी, केपी सिंह, मधु गुप्ता, लाल साय, सीमा सोनी और दिनेश यादव को शामिल किया गया है। समिति वहां का दौरा का पीसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# बृजमोहन बोले- सुनील के विधायक बनने से विकास डबल गति से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वरिष्ठ नेता व सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाने पर सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं में ही नहीं, अपितु जनता में भी एक विश्वास का वातावरण है, सुकून का वातावरण है। रायपुर दक्षिण विस क्षेत्र की जनता को लगता है कि श्री सोनी ही बृजमोहन द्वारा कराए गए कामों की रक्षा और दक्षिण विधानसभा को उससे भी ज्यादा तेज गति से विकसित करेंगे, क्योंकि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है, दिल्ली में भी भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ सरकार से भी पैसे आएंगे और चूंकि बृजमोहन सांसद बन गए हैं, तो केंद्र सरकार से भी पैसे आएंगे और दोगुनी गति से रायपुर शहर के साथ-साथ दक्षिण विधानसभा का विकास होगा। श्री अग्रवाल ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर कहा, आकाश शर्मा को तो एक फीसदी जनता भी नहीं पहचानती है। इसलिए हम दक्षिण विधानसभा की जनता से आह्वान करते हैं कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को रिकॉर्ड जीत का सेहरा पहनाए। श्री अग्रवाल ने दोहराया, रायपुर दक्षिण को एक नहीं, दो विधायक मिलेंगे। एक परमानेंट बृजमोहन, जिसे 35 साल तक जनता ने आशीर्वाद दिया है और वह कभी इसको भूल नहीं सकते। रायपुर दक्षिण के विकास के लिए अपने लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ वह हमेशा तत्पर रहेंगे और किसी भी प्रकार की कोई समस्या दक्षिण के लोगों को नहीं आए, इसके लिए सुनील सोनी पूरी तरह काम करेंगे।

- कांग्रेस प्रत्याशी को तो एक फीसदी जनता भी नहीं जानती

## गिनाए सुनील सोनी के काम

*भाजपा प्रत्याशी श्री सोनी के कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर शहर में अगर सिटी बस का संचालन, नगर निगम का भव्य कार्यालय व्हाइट हाउस, विश्व की सबसे बड़ी स्वामी विवेकानंदज की बैठी हुई मूर्ति की बूढ़ा तालाब में स्थापना, स्वच्छ पेयजल के लिए 33 पानी टंकियों का निर्माण, आम आदमी गरीब आदमी के लिए 10 से ज्यादा शादी घर और सामुदायिक भवन, स्मार्ट सिटी के लिए 365 परियोजनाओं के लिए लगभग 1000 करोड रुपए की स्वीकृति, रायपुर में एयरपोर्ट जैसा रेलवे स्टेशन बनाने के लिए अमृतकाल रेलवे स्टेशन योजना के लिए 480 करोड रुपए की स्वीकृति श्री सोनी के कार्यकाल में हुए हैं। रायपुर शहर का जो नया स्वरूप दिखाई देता है, उसकी नींव रखने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी हैं। उपचुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, राजधानी रायपुर का अगर व्यवस्थित विकास हुआ है उस विकास को करने में महत्वपूर्ण भूमिका बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी व राजेश मूणत की रही है।*

# सीएम ने की राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में राज्योत्सव 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। नया रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल पर 4 से 6 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि प्रदेशवासी राज्योत्सव के अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव के साथ राज्योत्सव मनाएं। आम जनता के लिए राज्योत्सव स्थल तक आने जाने के लिए बस की सुविधा रियायती दर पर उपलब्ध रहेगी।

**राज्योत्सव के आकर्षण :** संस्कृति संध्या में वॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर श्री शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन का कार्यक्रम होगा। 6 नवंबर की शाम को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

### 6 को राज्य अलंकरण समारोह

राज्योत्सव के आखिरी दिन 6 नवंबर को राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रमुख विभागीय योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। निजी संस्थानों और पीएसयू संस्थानों के लिए भी हैंगर बनाया जाएगा। कृषि और जल संसाधन विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में विभागों की नई योजनाएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

### शिल्पग्राम, फूड कोर्ट, फैन पार्क

राज्योत्सव आयोजन स्थल पर शिल्पग्राम, फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। यहां ट्राइबल फूड भी उपलब्ध होगा। बच्चों के लिए फन पार्क भी बनाया जाएगा जहां विभिन्न झूले होंगे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के कृषि एवं नीति सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, राहुल भगत, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. संचालक विवेक आचार्य सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# निकाय-पंचायत चुनाव आरक्षण ओबीसी आयोग ने सौंपी रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए बने छत्तीसगढ़ पिछड़ावर्ग कल्याण आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट दी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन व अन्य अधिकारी मौजूद थे। बताया गया है कि सरकार अब इस रिपोर्ट के संबंध में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में विचार करेगी। आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस श्री विश्वकर्मा ने हरिभूमि को बताया गया कि अभी जो रिपोर्ट सरकार को सौंपी गई है, उसमें नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण के संबंध में अनुशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि जब आयोग का गठन किया गया था तो उसमें कई बिंदुओं के आधार पर जानकारी जुटाने तथा अध्ययन कर रिपोर्ट देने कहा गया था। लेकिन राज्य में निकाय और पंचायतों के चुनाव जल्द होने वाले है इसलिए फिलहाल आरक्षण संबंधी अनुशंसा ही की गई है। इसके अलावा यह आयोग के हिस्से यह काम भी दिया गया था। राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन। राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आंकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं के लिए कौशल उन्नयन कार्यकमों और प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा जैसे बिंदु भी शामिल है।

# बृजमोहन ने दक्षिण की जनता को दिया धोखा, उपचुनाव में लेगी बदला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बृजमोहन दक्षिण विधानसभा की जनता के हितैषी होते तो वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देते। उन्होंने दक्षिण की जनता के साथ विश्वासघात और जनमत का अपमान किया है। जनता उपचुनाव में भाजपा और सोनी को हराकर बृजमोहन को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, बृजमोहन 35 साल तक दक्षिण विधानसभा को विकास कार्यों से दूर रखा है। उनके चलते ही दक्षिण विधानसभा, उत्तर और पश्चिम विधानसभा में हुए विकास के मुकाबले में पिछड़ी हुई है। 15 साल के भाजपा सरकार में ताकतवर मंत्री थे, उसके बावजूद दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जनता मूलभूत की समस्याओं से जूझते रही है। सुनील सोनी, बृजमोहन के हाथों की कठपुतली है।

वे मुगालते में है कि दक्षिण विधानसभा की जनता उनकी गुलाम है और वो जो कहेंगे जनता करेगी। बृजमोहन मंत्री और विधायक रहते दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के पार्षदों को जिता नहीं पाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने एक युवा चेहरा, सक्रिय नेता आकाश शर्मा को दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। उनके आगे निष्क्रिय सांसद सुनील सोनी बौना साबित हो रहे हैं।

# सुनील सोनी का शक्ति प्रदर्शन के साथ आज नामांकन, सीएम साय की सभा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## कई मंत्री और विधायक भी होंगे शामिल



रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी शक्ति प्रदर्शन के साथ शुक्रवार को नामांकन भरेंगे। एकात्म परिसर से निकलने वाली नामांकन रैली में जहां कई विधायक शामिल होंगे, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नगर घड़ी के पास सभा होगी। राजधानी में जितने भी मंत्री रहेंगे, वो सभी नामांकन में शामिल होंगे।

रायपुर के सांसद और रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय भी रहेंगे। भाजपा के सभी टिकट के दावेदार भी रैली में शामिल होंगे। नामांकन के लिए एकात्म परिसर से रैली निकाली जाएगी। इसमें भारी संख्या में रायपुर दक्षिण के साथ ही रायपुर की और विधानसभाओं के भी कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली में राजधानी रायपुर की तीन विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरदंर मिश्रा और रायपुर जिले के विधायकों में अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब के अलावा भिलाई के विधायक रिकेश सेन, दुर्ग के ललित चंद्राकर सहित और कई विधायक भी शामिल होंगे। प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तो चुनाव प्रभारी होने के नाते रहेंगे ही, साथ ही रायपुर में जितने भी मंत्री शुक्रवार को रहेंगे सभी शामिल होंगे। इसी के साथ रैली में रायपुर दक्षिण से टिकट के सभी दावेदारों को भी रखा जाएगा, ताकि एकता का संदेश दिया जा सके। दावेदारों में प्रदेश के महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युजंय दुबे, अवधेश जैन का नाम प्रमुख रूप से था।

## पटवारी फसल के साथ लाइव फोटो खींचकर एप में कर रहे अपलोड

# धान खरीदी से पहले भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नवंबर से शुरू होने जा रही है। इसके पूर्व किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है। इसके तहत पटवारी द्वारा गिरदावरी के अनुसार जिस खसरा नंबर भूमि पर धान बोया गया है, वहां जाकर फसल के साथ वे अपनी लाइव फोटो खींचकर उसे विभाग के पीवी एप में अपलोड कर रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फसलों का भौतिक सत्यापन करने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला जहां गिरदावरी के दौरान किए गए कार्य का सत्यापन होगा, वहीं दूसरा धान उपार्जन के दौरान धान री-साइकलिंग को नियंत्रण किया जा सकेगा।

### 11 लाख खसरों में 50 हजार का किया जाएगा सत्यापन

गिरदावरी के अनुसार रायपुर जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में 11 लाख खसरों की जमीनों पर धान की बोवाई की गई है, जिनका 5 प्रतिशत यानी 50 हजार खसरों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। इसके लिए विभाग ने पीवी एप बनाया है। इस एप के जरिए पटवारी को चयनित गांव में जाकर फसल का भौतिक सत्यापन करना है।

### गांव का नाम सहित दो कोण से खींचकर अपलोड करनी है फोटो

पटवारी को भौतिक सत्यापन के लिए चयनित गांव में जाकर एप के जरिए खसरा नंबर की फसल का अलग-अलग कोण से अपनी फोटो के साथ दो फोटो खींचनी है। इन फोटो को गांव के नाम के साथ एप में अपलोड करना है।

### भौतिक सत्यापन में बरती जा रही सावधानी

भौतिक सत्यापन कराने में विभाग द्वारा खासा सावधानी बरती जा रही है। इसके लिए पटवारियों को उनके गांव क्षेत्र की जगह दूसरे गांव क्षेत्र के खसरा फसलों का सत्यापन कराया जा रहा है ताकि गिरदावरी के दौरान अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बरती गई है तो भौतिक सत्यापन में इसका पता चल सके।

### 31 तारीख तक करना है सत्यापन

जिले में करीब 11 लाख खसरों में धान की बोवाई हुई है। इनमें 5 प्रतिशत खसरों की फसलों का पटवारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन काम 31 अक्टूबर तक किया जाना है।

- भूपेंद्र कुमार मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# जोगी कांग्रेस ने दिया आकाश को समर्थन

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत को पत्र सौंपा है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक रेणु जोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी के इस पत्र में उल्लेख है कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव में साम्प्रदायिक ताकतों को रोकने हमारी पार्टी आकाश शर्मा को निःशर्त समर्थन करने की घोषणा करती है एवं क्षेत्र के मतदाताओं को उनका अमूल्य वोट देने की अपील करती है। जोगी कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने जोगी कांग्रेस के इस समर्थन पत्र को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, एआईसीसी प्रभारी विजय जांगिड़, जरिता लेफ्तलांग, संपथ कुमार को अवलोकन कराया और शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने आग्रह किया। उन्होंने जोगी कांग्रेस के इस समर्थन का आभार जताया है। उन्होंने कहा, दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में इससे हमारी ताकत और भी मजबूत होगी।


कर हर मैदान फतेह
मान. सुनील सोनी जी
(भाजपा प्रत्याशी दक्षिण विधानसभा रायपुर)
के विशाल नामांकन रैली में आप सभी सादर आमंत्रित है
रायपुर दक्षिण
विधानसभा उपचुनाव के
भाजपा प्रत्याशी
मान. सुनील सोनी जी
को प्रचंड जीत की
अग्रिम बधाई...
मान. सुनील सोनी जी
पूर्व सांसद, लोकसभा रायपुर
जब हौसला बना लिया, ऊँची उड़ान का
फिर देखना फिजूल है
कद आसमान का
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद, लोकसभा रायपुर
नामांकन रैली कार्यक्रम
दिनांक 25/10/2024 शुक्रवार
समय : दोपहर 12 बजे से,
स्थान : भाजपा कार्यालय एकत्मा परिसर
से कलेक्ट्रेड परिसर, रायपुर तक
01 एकात्म परिसर
02 फ़रिश्ता काम्प्लेक्स
03 अमृत सन्देश प्रेस
04 शास्त्री चौक
05 नगर घड़ी चौक
06 कलेक्टोरेट
सोनू तिवारी
युवा भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : आपका अपना सोनू तिवारी एवं समस्त कार्यकर्तागण


ANANTRA MART ™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
FESTIVE OFFER
05 OCTOBER TO 03 NOV.
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
सब के लिए सब कुछ
अनंतरा से करो खरीददारी
दुबई लेजाने की जवाबदारी हमारी
₹1699* में कूपन पाओ और दुबई जाओ
यह स्कीम 1 जुलाई 2024 से 14 जनवरी 2025 तक
20 कूपन पर 2 लीटर कुकर
50 कूपन पर मिक्चर ग्राईंडर +2 जार
75 कूपन पर इंडेक्शन
100 कूपन पर 3 पीस सेट ट्राली बैग
200 कूपन पर 5 स्टार पैकेज कान्हा किसली
400 कूपन पर 3 नाईट गोवा
700 कूपन पर 3 नाईट दुबई
Special Offer MRP ₹3195 Our Price ₹999*
PIGEON PRIME INDUCTION COOKTOP 1800 WT
HALDIRAM'S GIFT PACKS UPTO 17%
DRY FRUIT GIFT PACK Starting @ ₹199
BIKAJI GIFT PACKS UPTO 25%
NAKODA GIFT PACKS UPTO 30%
AKASH GIFTS PACKS UPTO 25%
BUY 1 GET 1 FREE भारतीय मिठाई, नमकीन, बिस्कुट एवं कुकीज
SUGAR MRP ₹52 OUR PRICE ₹42
FORTUNE CHAKKI FRESH ATTA 5 kg MRP ₹230 OUR PRICE ₹201
TOOR DAL REGULAR MRP ₹155 OUR PRICE ₹145
FORTUNE HMT PREMIUM RICE MRP ₹68 OUR PRICE ₹57
MAIDA MRP ₹48 OUR PRICE ₹37
SOOJI MRP ₹48 OUR PRICE ₹38
BESAN MRP ₹105 OUR PRICE ₹95
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹635 OUR PRICE ₹575
SAFFOLA GOLD MULTI-SOURCE OIL 1LTR MRP ₹150 OUR PRICE ₹139
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 1L MRP ₹157 OUR PRICE ₹128
CADBURY CELEBRATIONS RANGE OUR PRICE UPTO 20%
BROOKE BOND RED LABEL TEA 1KG MRP ₹520 OUR PRICE ₹349
BIKAJI BHUJIA SEV 1KG MRP ₹320 OUR PRICE ₹199
PARLE G 800G MRP ₹100 OUR PRICE ₹78
BRITANNIA TOASTEA PREMIUM RUSK 1 KG MRP ₹200 OUR PRICE ₹100
AAKASH BESAN LADOO 400GM MRP ₹220 OUR PRICE ₹110
SAFFOLA OATS 1KG MRP ₹235 OUR PRICE ₹189
PONDS BRIGHT BEAUTY Facewash 200G MRP ₹452 OUR PRICE ₹226
PONDS PURE DETOX Facewash 200G MRP ₹572 OUR PRICE ₹286
NAKODA RASGULLA 1KG MRP ₹220 OUR PRICE ₹99
NAKODA GULABJAMUN 1KG MRP ₹220 OUR PRICE ₹110
NAKODA BESAN LADDU 400GM MRP ₹200 OUR PRICE ₹85
NAKODA SOAN PAPDI MRP ₹140 OUR PRICE ₹65
NAKODA GARLIC MIXTURE 750G MRP ₹220 OUR PRICE ₹99
NAKODA GOLDEN MIXTURE 750G MRP ₹220 OUR PRICE ₹99
NAKODA CHATPATA MIXTURE 750G MRP ₹220 OUR PRICE ₹99
LIZA BERRY DRY FRUIT BOX SMALL MRP ₹400 OUR PRICE ₹200
BIKANO KAJU DHODA BURFI 400GM MRP ₹400 OUR PRICE ₹200
BIKANO PANJEERI LADDU 400GM MRP ₹300 OUR PRICE ₹150
AAKASH KAJU KATLI 200G MRP ₹325 OUR PRICE ₹160
NESTLE EVERY DAY SHAHI GHEE 1L MRP ₹630 OUR PRICE ₹499
BRITANNIA NUTRI CHOICE DIGESTIVE 1KG 5N*200G MRP ₹199 OUR PRICE ₹159
PARLE RUSK 400G MRP ₹80 OUR PRICE ₹40
JABSONS DRYFRUIT BESAN LADDU 400G MRP ₹380 OUR PRICE ₹135
BRITANNIA GOOD DAY FRUIT N NUT BISCUIT 450 GRAM MRP ₹170 OUR PRICE ₹85
HERSHEYS GIFT SET ALL RANGE UPTO 30%
BRITANNIA TREAT VANILLA CREAM 500GM MRP ₹180 OUR PRICE ₹90
PIGEON ACER PLUS INDUCTION COOKTOP 1800 W 14429 MRP ₹3995 OUR PRICE ₹1549
CELLO ZARAH DINNER SET 37 PCS MRP ₹4495 OUR PRICE ₹1999
PNB KITCHENMATE MAGNUM CUTLERY SET 24U MRP ₹2170 OUR PRICE ₹1099
NAYASA INSPIRATION SERVING TRAY 3 PCS MRP ₹1375 OUR PRICE ₹599
CELLO OPALWARE KING CUP & SAUCER 12PCS MRP ₹655 OUR PRICE ₹449
CELLO VISTA CASEROL 3PCS SET HOT POT MRP ₹1010 OUR PRICE ₹599
MILTON GAJRAJ BROOM 1U MRP ₹160 OUR PRICE ₹99
ARCHIE SILKY INSULATED CASSEROLE 1000 MRP ₹370 OUR PRICE ₹99
ARCTIC FOX SLIM BACKPACK BLACK BAG MRP ₹2599 OUR PRICE ₹599
BOROSIL VISION CLASSIC 6 PCS MUGS SET MRP ₹599 OUR PRICE ₹419
CHOICE SILKY HANGERS 6PCS MRP ₹225 OUR PRICE ₹89
PIGEON ENORA 3 JAR MIXER GRINDER 4250 MRP ₹3295 OUR PRICE ₹1399
PIGEON HOT KETTLE 1.5 LTR MRP ₹1195 OUR PRICE ₹449
PIGEON HEALTHI FRYER +DIGITAL AIR FRYER 1400W MRP ₹7995 OUR PRICE ₹2699
PIGEON TITANIUM TAWA 260 MRP ₹1590 OUR PRICE ₹599
ANJALI SANDWICH TOASTER DTD 01 MRP ₹595 OUR PRICE ₹349
RATAN CONTAINER 10L MRP ₹238 OUR PRICE ₹119
MILTON COPPER DELIGHT BOTTLE 1000 ML MRP ₹1150 OUR PRICE ₹799
*T&C Apply
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
Customer Care : 7992 7992 20
Upcoming In - Bemetara
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं |
सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

### युवक के साथ मारपीट

रायपुर। मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोढ़ी निवासी धर्मेंद्र बैस ने सुनील तथा अनिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि सुनील किसी अन्य के साथ शराब पीकर उसके चाचा के साथ विवाद कर रहा था।

## निधन

### रामसहाय मिश्रा



रायपुर। सुंदरनगर निवासी रामसहाय मिश्रा धमतरी वाले (88) का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे तुषार व सुनील मिश्रा के पिता थे।

### आशा देवी अग्रवाल



रायपुर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू निवासी आशा देवी अग्रवाल का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. माधव शरण अग्रवाल की पत्नी और दीपक व ओमशरण की माता थीं।

### ग्रेस जेवियर



रायपुर। नेचर सिटी अमलीडीह निवासी ग्रेस जेवियर (71) का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया जाएगा। वे सुधीर जेवियर की पत्नी और ट्विंकल जेवियर व शारेन वर्गीस की माता थीं।

### दीपक गुप्ता



रायपुर। सारागांव के ग्राम खौना निवासी दीपक गुप्ता का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन गुप्ता के पुत्र और विजय, राहुल के भाई एवं राजू गुप्ता के भतीजे थे।

### सुमन देशपांडे



रायपुर। बागबाहरा निवासी सुमन देशपांडे (95) का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बागबाहरा मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय देशपांडे, प्रशांत देशपांडे और निरुपमा खांडेकर की माता थीं।

### जयरामदास थदानी

रायपुर। जगन्नाथ चौक कोटा निवासी जयरामदास थदानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे शंकर, महेश थदानी के पिता और मनोहरलाल थदानी भाई थे।

# दिव्यांग कोच अब होंगे स्लीपर, आरक्षित कोच की तरह बुकिंग, खानपान की भी मिलेगी सुविधा

## स्लीपर की श्रेणी में रखे जाएंगे कोच, दिव्यांगजन व उनके सहचर के लिए आवंटित होंगी चार सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सक्लूसिव

ट्रेन में सफर करना अब दिव्यांगों के लिए आसान होगा। भीड़ के दौरान अक्सर दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्री चढ़ जाते हैं, जिससे दिव्यांगों को बड़ी दिक्कत होती है। अब दुरंतो एक्सप्रेस जैसी पूरी तरह आरक्षित ट्रेनों, राजधानी, शताब्दी और हमसफर आदि ट्रेनों के एलएचबी सेकेंड लगेज गार्ड एंड दिव्यांग कंपार्टमेंट, एलएसएलआरडी कोच की सीटें भी आरक्षित होंगी। एलएसएलआरडी कोचों की सीटें भी आरक्षित कोचों की तरह बुक होंगी। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने इन कोचों को भी स्लीपर श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है। इन कोचों में दिव्यांगजन और उनके सहचर के लिए चार सीटें आवंटित की जाएंगी। शेष सीटें सामान्य यात्रियों को जनरल चेयर कार के रूप में आरक्षित की जाएंगी। अन्य कोचों की भांति एलएसएलआरडी में भी खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे बोर्ड के इस फैसले से आरक्षित ट्रेनों में जनरल श्रेणी के भी 30 से 40 यात्रियों को कन्फर्म सीटें मिल जाएंगी। सीटों को लेकर धक्का मुक्की नहीं होगी।

**सामान्य एक्सप्रेस में भी सुविधा देने की तैयारी:** रेलवे बोर्ड आने वाले दिनों में सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों के एलएसएलआरडी कोचों में भी यह व्यवस्था लागू करेगा। एलएसएलआरडी कोच के आधे हिस्से में गार्ड यान होता है। आधा हिस्सा दिव्यांगजन या महिलाओं के लिए आरक्षित होता है।

### रेलवे बोर्ड ने जोन को भेजी चिट्ठी

रेलवे बोर्ड के निदेशक,यात्री विपणन- सेकेंड संजय मनोचा ने सभी क्षेत्रीय रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों, पीसीसीएम को चिट्ठी लिखकर इस व्यवस्था को लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। रेलवे बोर्ड के निदेशक ने पत्र के माध्यम से एलएसएलआरडी कोचों में भी यात्रियों को आरक्षित स्थान उपलब्ध कराने तथा खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है, ताकि यात्रियों को निर्धारित सीट के साथ खाने-पीने का सामान भी उपलब्ध हो सके।



### इस तरह आवंटित होंगी सीट

नई व्यवस्था के अनुसार एलएसएलआरडी कोच में दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित चार सीटों वाले हिस्से में दो नीचे वाली सीटें दिव्यांगजनों के लिए तथा दो ऊपर वाली सीटें उनके सहचरों के लिए आवंटित होंगी। इन कोचों की पहचान डीडी-1 के रूप में होगी। 30/31 या अधिक सीट वाले दूसरे हिस्से को सामान्य यात्रियों के लिए निर्धारित किया जाएगा। इस कोच की पहचान डीएल-1 के रूप में होगी। दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित एलएसएलआरडी कोचों को स्लीपर श्रेणी में रूप रखा जाएगा। सामान्य यात्रियों को टू एस के रूप में सीटों की बुकिंग की जाएगी। इन सीटों का किराया स्लीपर श्रेणी के रूप में ही वसूला जाएगा।

## रामकी की शहर में 250 गाड़ियां, 700 कर्मचारियों का स्टॉफ

# त्योहारी सीजन में बढ़ गया डेढ़ गुना ज्यादा कचरा रोज 700 मीट्रिक टन-कूड़ा करकट भेज रहे सकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के कारण शहर में लोगों के घरों और दुकानों से आम दिनों की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा कूड़ा करकट निकल रहा है। शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी द्वारा पूर्व में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन कर प्रतिदिन 500 मीट्रिक टन गीला व सूखा कचरा सकरी स्थित प्लांट में भेजा जाता था, अब यह मात्रा बढ़कर 700 मीट्रिक टन तक जा पहुंची है। त्योहार के समय यह मात्रा बढ़कर 900 मीट्रिक टन जा सकती है। इसके साथ ही सफाई वाहन के फेरों की संख्या भी पहले की तुलना में बढ़ गई है। पूर्व में 700 ट्रिप कूड़ा करकट कचरा गाड़ी सेकंडरी पाइंट तक ले जाती थी, अब गाड़ियों के फेरे की मात्रा बढ़कर 850 ट्रिप हो गई है।

नगर निगम के 70 वार्डों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन कर रही रामकी की 250 सफाई गाड़ियों से प्रतिदिन 700 मीट्रिक टन कूड़ा करकट सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचने लगा है, जबकि त्योहारी सीजन से पहले इसकी मात्रा औसतन 500 मीट्रिक टन प्रतिदिन रही। वर्तमान में गीला और सूखा कचरा के अलावा घरों से प्लास्टिक कचरा भी बड़ी मात्रा में निकल रहा है।



### कचरे का बढ़ गया लोड

रामकी कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार के मुताबिक कचरे का लोड पहले की तुलना में बढ़ गया है। पहले जो कचरा गाड़ी 400 घरों का कूड़ा करकट कलेक्ट करने पर भर जाती थी, अब वही गाड़ी 300 घरों से निकलने वाले कूड़ा करकट से पैक हो जा रही है। यही नहीं, सफाई वाहन के फेरे भी पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ गए। त्योहारी सीजन में सफाई वाहनों के फेरे भी बढ़ गए हैं। 70 वार्डों से ठेका एजेंसी की 250 सफाई गाड़ियां पूर्व में 700 ट्रिप कचरा ढोती थीं, अब उन्हीं गाड़ियों से 850 ट्रिप गीला और सूखा कचरा परिवहन किया जा रहा है।

### बढ़ाई गाड़ियों की टाइमिंग

राजधानी में राष्ट्रपति के प्रवास और दीपावली त्योहार को देखते हुए निगम आयुक्त के निर्देश पर रामकी एजेंसी ने डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों की टाइमिंग 2 घंटे बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक पहले प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर कूड़ा करकट कलेक्ट करने की टाइमिंग तय थी, अब इसकी अवधि 2 घंटे बढ़ाकर शाम 4 बजे तक कर दी गई है।

### महीनेभर पहले 13 गाड़ियां बढ़ाई

राजधानी के आउटर इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की डिमांड को देखते हुए माहभर पहले ठेका एजेंसी ने 13 गाड़ियां बढ़ाईं। ये गाड़ियां कौशिल्या विहार, वीआईपी रोड सहित आउटर के नए इलाकों में उपलब्ध कराई गईं। जिन नए इलाकों में सफाई वाहन शुरू किये गए, उनमें जोन 8 के मानसरोवर विहार, सत्यम विहार, रायपुरा के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, जोन 9 क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर कचना, आर्मी चौक, गोकुलनगर बीएसयूपी कोटा बीएसयूपी परिसर, वीआईपी रोड, यूपी टाउन अपार्टमेंट। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण के टाउनशिप कौशिल्या विहार में सेक्टर 11 और सेक्टर 12 और बसंत विहार क्षेत्र।

# कैंसर को पितृ दोष का कारण बताकर ठीक करने का झांसा, तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा मार्ग पर एक निजी सोसाइटी में रहने वाली महिला ने दो महिलाओं के खिलाफ पितृ दोष तथा भूत-प्रेत का साया की वजह से कैंसर होने तथा ठीक करने का झांसा देकर तीन लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोने का सिक्का तथा पूजा के लिए नकदी रकम देने के बाद भी महिला ठीक नहीं हुई, तो उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

पुलिस के अनुसार कैंसर पीड़ित एस. त्रिपाठी ने पूजा तथा जय के नाम से ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि कुछ माह पूर्व उनकी दोस्ती पूजा नाम की महिला से हुई। महिला के कैंसर पीड़ित होने की जानकारी मिलने पर पूजा ने महिला को अपने झांसे में लेते हुए उसे पितृ दोष तथा घर में भूत-प्रेत का साया होना बताया। इसके बाद पूजा ने महिला को पितृ दोष ठीक करने के साथ ही घर को भूत-प्रेत के साया से मुक्त करने तंत्र-मंत्र करने का झांसा दिया।

### ठगी करने के बाद जालसाज महिलाएं अब शिकार महिला को धमका रहीं



### तंत्र-मंत्र करने के नाम पर 72 हजार रुपए लिए

महिला के अनुसार कथित तौर पर तंत्र-मंत्र करने आई महिला ने उससे तंत्र-मंत्र करने के नाम पर दो किस्त में 21 तथा 51 हजार रुपए लिए। इसके बाद पूजा तथा उसके साथ आई एक अन्य महिला ने एस. त्रिपाठी को भूत-प्रेत का साया होने के साथ पितृ दोष होना बताया और पितृ दोष करने दो तोले का दो सोने का सिक्का मंगाकर पूजा करने अपने साथ ले गई। जालसाज महिलाओं ने सिक्का ले जाने के बाद महिला को 15 दिन के भीतर स्थिति में सुधार होने का झांसा दिया। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नहीं होने पर एस. त्रिपाठी ने पूजा से संपर्क किया, तो वह महिला को गोल-मोल जवाब देने लगी। एस. त्रिपाठी ने सोने का सिक्का वापस मांगने पर धमकी देने तथा पूजा पर अपना मोबाइल बंद करने का आरोप लगाया है।

# मनमाना किराया वसूली, सौ से ज्यादा बस संचालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तय किराया से ज्यादा वसूलने वाले बस संचालकों पर एक लाख 29 हजार रुपए जुर्माना

लंबी के साथ कम दूरी के बस संचालकों द्वारा तय किराया भाड़ा से ज्यादा किराया वसूली की लगातार शिकायत मिलने पर परिवहन विभाग बस ऑपरेटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। बावजूद इसके बस ऑपरेटर बसों में किराया भाड़ा सूची चस्पा करने के साथ मनमाना किराया वसूली कर रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रायपुर जिला परिवहन विभाग के अफसरों ने एक अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच अभियान चलाकर 131 बस ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लाख 29 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की है।

परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में त्योहारी सीजन को देखते हुए बसों की औचक जांच कर रही है। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक जनवरी से सितंबर तक 181 बसों की जांच की गई। जांच में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर बस ऑपरेटरों से छह लाख रुपए जुर्माना वसूल किया गया। परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जहां नौ महीने में 181 बसों की जांच की, वहीं अक्टूबर में महज 24 दिन के भीतर सवा सौ से ज्यादा बसों की जांच की है।



### परमिट रद्द करने की चेतावनी

परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक जिन बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने, तय दर से ज्यादा किराया वसूली करने तथा अन्य अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। उनके द्वारा दोबारा इसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर अफसरों ने उन बस ऑपरेटरों को परमिट रद्द करने की चेतावनी दी है।

## पेज 13 के शेष

### ट्रेनें पैक, बसों का...

में फुल है। बस में 30 अक्टूबर का किराया 2500 तक है, लेकिन 10 नवंबर को किराया उसी बस में 1700 तक है। यह किराया ट्रेन के स्लीपर से भी अधिक है। ऐसा ही उज्जैन, रांची, पटना जाने वाली बसों में यात्रियों से वसूला जा रहा है। किराया में 500 से हजार तक फर्क है।

### एमपी, यूपी और बिहार...

वेटिंग अधिक देखकर टिकट नहीं खरीद रहे हैं। अमरकंटक एक्सप्रेस में सभी कोच का वेटिंग 70 के पार है। इसी तरह समता में 100, दिल्ली संपर्क क्रांति 80, छत्तीसगढ़ में 90 वोटिंग हो चुकी है। वर्तमान में वेटिंग आने पर यात्री का टिकट कंफर्म नहीं हो रहा है।

### राष्ट्रपति के आगमन...

दोपहर साढ़े 12 बजेः - एम्स अस्पताल से डीडीनगर मार्ग, रिंगरोड नंबर-1, काशीराम नगर ब्रिज के किनारे से केनाल रोड
- बूढ़ीमाई चौक, कटोरा तालाब चौक, पंचशील नगर चौक, आनंद नगर चौक, जीईरोड, भगत सिंह चौक, आंबेडकर चौक से राजभवन पहुंच मार्ग
दोपहर 3 बजेः - राजभवन चौक, आंबेडकर चौक, जीई रोड, भगत सिंह चौक, आनंद नगर चौक, केनाल लिंक रोड
- रिंगरोड एक से कुशालपुर चौक
- रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड, ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री अस्पताल चौक, डीडीयू ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज -**शाम 4.30 बजे**:- डीडीनगर मार्ग, रिंगरोड-1 से तेलीबांधा, एक्सप्रेस-वे होकर फुंडहर एक्सप्रेस-वे चौक, फुंडहर चौक से वीआईपी रोड, पीटीएस चौक, माना विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग, चीचा तिराहा, खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक, महात्मा गांधी चौक, नवा रायपुर सेक्टर-22, राज्योत्सव तिराहा, नंदकुमार पटेल चौक से पुरखौती मुक्तांगना
**शाम 6 बजे**-- पुरखौती मुक्तांगना से वीआईपी रोड, फुंडहर चौक से एक्सप्रेस-वे रोड, शंकरनगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे से भारतमाता चौक, भगतसिंग चौक, आंबेडकर चौक, राजभवन पहुंच मार्ग।
शनिवार सुबह 9 बजे : - राजभवन चौक से आंबेडकर चौक, जीई रोड, एसआरपी चौक, भारतमाता चौक, शंकरनगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज चौक, अनुपम नगर चौक, खम्हारडीह थाने से गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर पहुंच मार्ग।
सुबह 9.40 बजेः - खम्हारडीह थाना चौक, अनुपम नगर चौक, शंकरनगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज, सर्विस रोड, एक्सप्रेस-वे मार्ग होकर फुंडहर एक्सप्रेस-वे चौक, फुंडहर चौक, वीआईपी रोड
दोपहर 1 बजेः वीआईपी रोड से फुंडहर, एक्सप्रेस-वे मार्ग, शंकरनगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे से भगत सिंह चौक, जीई रोड होकर आंबेडकर चौक से राजभवन पहुंच मार्ग
**दोपहर 2.55 बजेः** जीई रोड से भगत सिंह चौक, शंकरनगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज से एक्सप्रेस-वे मार्ग, फुंडहर एक्सप्रेस-वे चौक से वीआईपी रोड, पीटीएस चौक, नवा रायपुर विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग, चीचा तिराहा, खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक, महात्मा गांधी चौक, सेक्टर-22, राज्योत्सव तिराहा, नंदकुमार पटेल चौक, दानवीर भामाशाह चौक उपरवारा, बैरिस्टर छेदीलाल चौक से लॉ यूनिवर्सिटी, आयुष विश्वविद्यालय मार्ग
**शाम 4.30 बजेः** आयुष विश्वविद्यालय से नवा रायपुर, एयरपोर्ट पहुंच मार्ग

### पार्किंग पुराने टर्मिनल में...

सुबह 11 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना आगमन होगा। विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर 26 अक्टूबर को संध्या 4:30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक माना विमानतल से यात्रा करने वाले यात्रीगण असुविधा से बचने के लिए 2 घंटे पूर्व माना विमानतल पहुंचेंगे। 25 अक्टूबर को इंडिगो की चेन्नई-रायपुर फ्लाइट 10.15 बजे, हैदराबाद-रायपुर फ्लाइट 10.50 बजे और भोपाल-रायपुर फ्लाइट 11.25 बजे के लिए शेड्यूल है। इसी तरह रायपुर से पुणे 11 बजे, रायपुर से हैदराबाद 11.20 मिनट, रायपुर से प्रयागराज 12.30 बजे तथा रायपुर से बेंगलुरु के लिए 12.30 बजे इंडिगो की फ्लाइट रवाना होगी।

# दाना का असर, 27 तक बदली-बारिश वज्रपात की आशंका, यलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गुरुवार तक 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ा चक्रवाती तूफान

पं.बंगाल और ओडिशा तट से टकराने जा रहे दाना तूफान का असर छत्तीसगढ़ में भी दिखना प्रारंभ हो गया है। गुरुवार को राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान दाना के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। 27 अक्टूबर तक इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। इस दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। कई जगह हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। वज्रपात की आशंका को देखते हुए इस दौरान के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। सभी तक उत्तर-पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रबल चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा। 24 अक्टूबर को उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पश्चिम बंगाल से 310 किमी दक्षिण में केंद्रित रहा। आज इसके उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को करीब पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की आशंका है।



### 40 किमी की रफ्तार से चलेगी तूफानी हवा

*25 और 26 अक्टूबर को प्रदेश में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। इसकी रफ्तार बढ़कर 40 किमी प्रति घंटा भी हो सकती है। 27 अक्टूबर को बारिश संबंधित गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। धान की फसल को कुछ स्थानों पर नुकसान भी संभावित है। प्रदेश में छाए बादल का प्रभाव तापमान में भी दिख रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 16.6 डिग्री गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और अंबिकापुर में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक 32.5 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 21.9 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक, तूफान का असर समाप्त होने पश्चात न्यूनतम तापमान में वृद्धि तथा अधिकतम तापमान में कमी संभावित है।*

**नाम परिवर्तन की सूचना**

निवेदन है कि, मै सैय्यद मिस्बा अहमद (SAYYAD MISBA AHMED) उम्र 44 वर्ष, पिता सैय्यद अब्दुल कलीम, निवासी- मकान नंबर- 37/166, मदरसा रोड, नाहिद सायकल स्टोर्स के सामने, बैजनाथ पारा, जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं।

मेरी पुत्री सैय्यदा अरिबा फातेमा (SAYDA ARIBA FATEMA) उम्र-17 वर्ष जो कि आपके स्कूल मे अध्ययनरत थी। मेरी पुत्री के टी.सी. मे मेरी पुत्री का नाम AREEBA FATEMA पिता SAYYED MISBAH AHMED माता का नाम SHAZIYA BANO के टी.सी. मे टंकित है। जबकि मेरी पुत्र का वास्तविक नाम SAYDA ARIBA FATEMA पिता का सही नाम SAYYAD MISBA AHMED एवं माता का सही नाम SAYDA SHAZIYA BEGUM है। मेरी पुत्री के टी. सी. मे गलत नाम अंकित हो जाने के कारण काफी कठिनाईयो का सामना करना पड रहा है।

मेरी पुत्री के टी.सी. मे मेरी पुत्री का सही नाम सैय्यदा SAYDA ARIBA FATEMA पिता का सही नाम SAYYAD MISBA AHMED एवं माता का सही नाम SAYDA SHAZIYA BEGUM के किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिस हेतु मेरे द्वारा शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है जो कि इस आवेदन के साथ संलग्न है। अतः आपसे निवेदन है कि मेरी पुत्री के टी.सी. मे त्रुटिवश अंकित नामो को सुधारने की कृपा करे। रायपुर छ.ग.

दिनांक :- 24.10.2024 आवेदक

सैय्यद मिस्बा अहमद (SAYYAD MISBA AHMED), पिता सैय्यद अब्दुल कलीम निवासी- मकान नंबर - 37/166, मदरसा रोड, नाहिद सायकल स्टोर्स के सामने, बैजनाथ पारा, जिला रायपुर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस सूचना**

क्रमांक / / वा. / तह. / 2024
सीपत, दिनांक 21/10/24

प्रति,
अनावेदक-छेदीलाल पिता मुन्नूलाल निवासी ग्राम एम 26 शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

एतद् आपको सूचित किया जाता है की इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण रा.प्र.क्र. 202409073300022 / अ6 / पक्षकार- लल्लूराम यादव पिता शिव चरण विरुद्ध छेदीलाल शुक्ला ग्राम कौवाताल में मौजा कौवाताल प.ह.न. 03 तह. सीपत, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 160/1 रकबा 2.0230 हे. भूमि जिसे आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किये जाने से पंजीयकन कार्यालय से नामांतरण हेतु आईडी में प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में आपत्ति प्राप्त होने से प्रकरण ई कोर्ट में दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार हैं। उक्त प्रकरण में सुनवाई दिनांक 7/11/2024 को नियत है।

अतः आप नियत दिनांक 07/11/2024 को उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। उपस्थित नही होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
सीपत
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस सूचना**

क्रमांक / / वा. / तह. / 2024
सीपत, दिनांक 21/10/24

प्रति,
अनावेदक-छेदीलाल पिता मुन्नूलाल निवासी ग्राम एम 26 शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

एतद् आपको सूचित किया जाता है की इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण रा.प्र.क्र. 202409073300023/अ6/ पक्षकार- रघुवीर यादव पिता रामगुलाम विरुद्ध छेदीलाल शुक्ला ग्राम- कौवाताल मे मौजा कौवाताल प.ह.न. 03 तह. सीपत, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 160 / 1 मेसें रकबा 4.989 हे. भूमि जिसे आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किये जाने से पंजीयकन कार्यालय से नामांतरण हेतु आईडी में प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में आपत्ति प्राप्त होने से प्रकरण ई कोर्ट में दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार हैं। उक्त प्रकरण में सुनवाई दिनांक 7/11/2024 को नियत है।

अतः आप नियत दिनांक 07/11/2024 को उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। उपस्थित नही होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
सीपत
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दीक्षांत समारोह : विद्यार्थी ऑडिटोरियम में और पालक 2 किमी दूर एनआईटी में!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। दो दिनों के दौरान वे चार शैक्षणिक संस्थान में डिग्री बांटेंगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

छात्रों को दीक्षांत के पहले पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है ताकि किसी तरह की समस्या का सामना उन्हें ना करना पड़े। लेकिन दूसरी ओर पालकों में इसे लेकर निराशा भी है। इस बार पालकों को दीक्षांत से दूर रखा गया है। उन्हें समारोह का लाइव प्रसारण नहीं दिखने को मिलेगा। इसके स्थान पर संस्थान में ही एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है, जहां पालक लाइव प्रसारण देख सकेंगे।

## दो दिवसीय कार्यक्रम में चार संस्थानों के दीक्षांत में शामिल होंगी राष्ट्रपति



■ सुरक्षा ऐसी कि मीडिया और विद्यार्थियों के अभिभावक समेत किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं

### फोन ले जाने की अनुमति नहीं

दीक्षांत में किसी भी विद्यार्थी को फोन ले जाने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। राष्ट्रपति के सुरक्षा दृष्टिकोण से यह निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों और संस्थान सदस्यों को प्रवेश उनके आईडी कार्ड के माध्यम से ना देकर विशेष रूप से जारी किए गए पास के माध्यम से दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए पास जारी किए गए हैं। इसके आधार पर ही समारोह स्थल में प्रवेश दिए जाएंगे। इस बार मीडिया को भी प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। दूरदर्शन को ही मीडिया कवरेज की अनुमति दी गई है। इसके अलावा संस्थान के यू-ट्यूब चैनल और आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

एनआईटी सहित आयुष, एम्स और आईआईटी भिलाई में भी यह व्यवस्था अपनाई गई है।

एनआईटी का दीक्षांत पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रखा गया है। जबकि पालकों के लिए एलईडी स्क्रीन और लाइव प्रसारण की व्यवस्था कैंपस में की गई है। दोनों के मध्य की दूरी 2 किमी है। दीक्षांत समाप्त होने के बाद भी छात्र अपने अभिभावकों संग फोटो नहीं ले पाएंगे और ना ही जिंदगी के खास पलों में साथ होंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें दीक्षांत खत्म होने के बाद दो किमी की दूरी तय करनी होगी। अन्य संस्थानों में भी माता-पिता और बच्चों के बीच यह दूरी देखने को मिलेगी। इसे लेकर कुछ छात्रों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा में केपीएस स्कूल ने मारी बाजी

**रायपुर।** भारत विकास परिषद के अखिल भारतीय कार्यक्रम 'अंतर्शालेय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता' का प्रथम चरण (जिला स्तरीय) उमरिया रायपुर स्थित वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में हुआ। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में तीन अलग-अलग भाषाओं हिंदी, संस्कृत व क्षेत्रीय या प्रांतीय भाषा या बोली के गीतों के कार्यक्रम के लिए 10 शालाओं से प्राप्त प्रविष्टियों में से 6 शालाओं, द आरंभ स्कूल, वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल, आदर्श विद्यालय मोवा, दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला व कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना का चयन इस प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिनमें कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना सर्वश्रेष्ठ टीम (प्रथम) चुनी गईं। नगर के तीन ख्यातिप्राप्त संगीत साधक जेपी शर्मा, समीर भट्टाचार्य एवं पापिया सरकार ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महेश बिड़ला, भगवती प्रसाद शर्मा, डॉ. सौम्या रघुबीर के अलावा कर्नल सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का किशोर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, कौशांबी के रहने वाला एक 17 वर्षीय किशोर को गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर गांजा तस्करी कर ट्रेन रूट से यूपी गांजा ले जाने की फिराक में था।

### जुआ खेलते देख रहे भाइयों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनू गुप्ता ने चंदन साहनी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ राजीव नगर गया था। एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेल रहे थे, जिसे दोनों भाई देखने के लिए पहुंच गए। इस बात से नाराज होकर चंदन ने सोनू तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया।

## वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित 5 सूत्रीय मांग

# सामूहिक अवकाश लेकर शिक्षक हड़ताल पर रहे, जिला मुख्यालयों में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर एक दिवसीय आंदोलन





वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के एलबी संवर्ग शिक्षकों ने गुरुवार को सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना दिया। रायपुर जिला के शिक्षकों ने विकासखंड मुख्यालय अभनपुर, आरंग, तिल्दा व धरसींवा में धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के शिक्षकों में संविलयन के बाद उनकी वर्षों पुरानी सेवा को शून्य किए जाने से नाराजगी है। इसके कारण उन्हें कर्मचारियों को मिलने वाले त्रिस्तरीय क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान से वंचित होना पड़ रहा है। पुरानी सेवा गणना नहीं होने से कई तरह की वेतन विसंगतियां भी शिक्षक एलबी संवर्ग के वेतनमान में आई है। शिक्षकों का कहना है वेतन विसंगति को दूर करने की बात मोदी गारंटी में वर्तमान सरकार ने खुद अपने संकल्प पत्र में लिखा है।

इन्ही मांगों को लेकर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों की ओर आकर्षित करा रहे हैं।

शिक्षक मोर्चा रायपुर के जिला संचालक ओमप्रकाश सोनकला और हेम साहू ने बताया कि 5 सूत्रीय मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा नेवरा कार्यालय के सामने शिक्षकों ने वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति से सेवा की गणना करने और पदोन्नति, क्रमोन्नत समय मान वेतनमान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। और अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन करेंगे

मोर्चा के प्रदेश संयोजक विरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत और संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एलबी संवर्ग शिक्षकों ने रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री सहित विभागीय सचिवों के नाम ज्ञापन व मांग पत्र सौंपा गया। मोर्चा संचालकों ने कहा है उनकी मांगें यदि जल्द पूरी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्कूलों में तालाबंदी कर राजधानी रायपुर में आंदोलन किया जाएगा।

# 400 कलाकारों ने रजत जयंती राज्योत्सव का किया शुभारंभ

■ दर्जनों राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान, 1 नवंबर को बांटेंगे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण राज्योत्सव के संस्थापक राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी द्वारा बुधवार को रजत जयंती राज्योत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रजत जयंती राज्योत्सव स्मारिका के विमोचन के अलावा वरिष्ठ आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया गया। राज्योत्सव में 400 लोक कलाकारों के नृत्य और गीत से समां बांध दिया।राज्योत्सव के संस्थापक प्रमुख राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी का रजत जयंती राज्योत्सव के अवसर पर सैकड़ों लोक कलाकारों द्वारा भव्य आकर्षक नृत्य करते हुए साहू कंपलेक्स टिकरपारा से 3:00 बजे निकले। रैली का नेतृत्व छसपा अध्यक्ष जी.पी.चंद्राकर,अनिल दुबे,दीनदयाल वर्मा,लालाराम वर्मा,चेतन देवांगन महेंद्र कौशिक,वेगेन्द्र सोनवेर,छन्नू साहू आदि ने किया। लोक कलाकार नृत्य प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थ चौक,कालीबाड़ी चौक, श्याम टॉकीज, पुरानीबस्ती, कंकालिन पारा,आजाद चौक, तात्यापारा, फूल चौक, शारदा चौक, जय स्तंभ चौक, कचहरी चौक,मोती बाग, महिला थाना चौक, कालीबाड़ी होते हुए साहू परिसर पहुंचे। यहां इसका समापन हुआ। मंदार थाप मंजीरों की धूम के साथ लोक नृत्य बहुत मनमोहक और आकर्षक लग रहा था। जिसमे कवर्धा क्षेत्र के करमा नृत्य राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत है रायगढ़ जिला का करमा भी बहुत लोकप्रिय है।

### बौद्ध समाज ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बौद्ध महासंघ और यशोधरा महिला संघ बिरगांव द्वारा करुणा बुद्ध विहार में वर्षावास का समापन और धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन ने भगवान बुद्ध को प्रणाम किया। इस मौके पर बौद्ध समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर, बौद्ध भिक्षु भिक्कू बुद्ध रत्नजी बालाघाट वाले को धम्म देशना के लिए आमंत्रित किया।


## बिजनेस साइट

### बुनकर क्रॉफ्ट में स्पेशल फेस्टिवल ऑफर के तहत 30 प्रतिशत डिस्काउंट



**रायपुर।** पंडरी कपड़ा मार्केट के प्रमुख हैंडलूम कोसा सिल्क स्टोर बुनकर क्रॉफ्ट ने अपनी एनिवर्सरी सेल के तहत ग्राहकों के लिए 30% की फ्लैट छूट की घोषणा की है। यह सेल खासतौर पर त्योहारों और शादियों के मौसम को ध्यान में रखकर आयोजित की गई है। स्टोर ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार को रात 9.30 बजे तक खुला रहेगा। संचालक शिल्पराज देवांगन ने बताया कि बुनकर क्रॉफ्ट में पेश की जाने वाली कोसा सिल्क साड़ियां विशेष रूप से अनुभवी कारीगरों द्वारा डिजाइन की जाती हैं। ये कारीगर नवीनतम फैशन रुझानों को ध्यान में रखते हुए साड़ियों के आकर्षक डिजाइन तैयार करते हैं। इस सेल में शामिल नवीनतम संग्रह में कोसा, टसर, रॉ सिल्क, सॉफ्ट सिल्क, आर्ट सिल्क और कढ़ाई वाले कपड़ों के अलावा सलवार सूट और दुपट्टे भी शामिल हैं। शिल्पराज देवांगन ने कहा कि टसर साड़ियों की विशेषताएं उनके टाइमलेस एलिगेंस और आकर्षक डिजाइन हैं, जो इन्हें खास बनाती हैं।

### कार्टियर क्लब का उद्घाटन आज लक्जरी और आराम का नया केंद्र



**रायपुर।** बहुप्रतीक्षित कार्टियर क्लब का आज भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। यह क्लब शहर में आराम और आतिथ्य के नए मानक स्थापित करने का वादा करता है, जो लक्जरी, विश्राम और सामाजिक जुड़ाव का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करेगा। क्लब में एक शानदार स्वीमिंग पूल है, जहां मेहमान शांति और आराम का अनुभव कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न लक्जरी लाउंज हैं। क्लब का ग्रीन लॉन बाहरी आयोजनों और निजी सभाओं के लिए एक खूबसूरत स्थान प्रदान करता है, जहां सदस्य प्राकृतिक सौंदर्य में आराम कर सकते हैं। क्लब में व्यवसायिक मीटिंग के लिए सूक्ष्म कॉन्फ्रेंस रूम और आधुनिक जिम की सुविधाएं भी हैं, जो सदस्यों की स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। इस भव्य उद्घाटन समारोह में सूफी संगीत, डीजे और मनोरंजन का आयोजन होगा। मेहमानों को क्लब की सुविधाओं का अनुभव करने का भी अवसर मिलेगा। कार्टियर क्लब केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि रायपुर के लिए एक सामुदायिक केंद्र बनने जा रहा है।

### आंजनेय विश्वविद्यालय में 'सृजन 3.0' का भव्य समापन



**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय में आयोजित 'सृजन 3.0' प्रतियोगिता का समापन समारोह धूमधाम से हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के 30 से अधिक विद्यालयों से 1500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने आयोजन की सफलता पर खुशी व्यक्त की यह बताते हुए कि 'सृजन 3.0' ने छात्रों के बीच सृजनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा दिया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति दिव्या अग्रवाल, महानिदेशक डॉ. बीसी जैन और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया।

### अमित सेल्स का दिवाली बंपर बचत उत्सव फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार छूट



**रायपुर।** इस त्योहारी सीजन अमित सेल्स 'बचत उत्सव' लेकर आया है, जिसमें घर के लिए अत्याधुनिक फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भारी छूट मिल रही है। ग्राहकों को 100% कैशबैक और केवल 888 रुपए प्रतिमाह से शुरू होने वाले आसान ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध हैं। उत्सव को और खास बनाने के लिए 'स्क्रैच करें और जीतें' का ऑफर भी चल रहा है।

अमित सेल्स ने फर्नीचर की विशाल रेंज पर 50% तक की छूट के साथ ही 100 से अधिक नए डाइनिंग सेट और सेंटर टेबल पेश किए हैं। सोफे, बेड, वार्डरोब और डाइनिंग टेबल के लेटेस्ट डिजाइन उपलब्ध हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सेगमेंट में एलजी, सोनी और सैमसंग पर भी आकर्षक ऑफर्स की शुरुआत की गई है। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है, इसलिए फाफाडीह, स्टेट बैंक के पास स्थित स्टोर पर आकर इस ऑफर का लाभ उठाएं।

# हर महीने 11 सौ मेंटेनेंस चार्ज फिर भी बिल्डिंग जर्जर, लिफ्ट खराब व सुरक्षा गार्ड भी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवा रायपुर के सेक्टर-27 में बनी 18 मल्टी कालोनी फ्लैट्स बिल्डिंग की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ये बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

इस बिल्डिंग में न ही सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है और न ही लिफ्ट के लिए कोई ऑपरेटर रखा गया है। इसके कारण बार-बार लिफ्ट भी खराब होती रहती है, जिसके कारण यहां के रहवासियों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि पानी



और बिल्डिंग मेंटनेंस के नाम पर हर महीने रहवासियों से 11 सौ रुपए लिया जाता है, इसके बाद भी उन्हें सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

### मंत्री से शिकायत

18 मल्टी के रहवासी मनोहर दुबे ने बताया कि कालोनी वासियों से हर महीने मेंटनेंस चार्ज लिया जाता है, लेकिन न ही जर्जर हो चुकी बिल्डिंग की मरम्मत कराई जा रही है और न ही सुरक्षा गॉर्ड या लिफ्ट ऑपरेटर रखा गया है। यही नहीं, लिफ्ट बार-बार खराब हो जाती है, जिसके कारण लोगों को 7 मंजिल बिल्डिंग में चढ़ने-उतरने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करना पड़ता है। यही नहीं, कालोनी परिसर में आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है, जिसके कारण भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मनोहर दुबे ने बताया कि कालोनीवासियों की समस्या दूर करने के लिए उन्होंने आवास एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री ओपी चौधरी को शिकायत पत्र लिखकर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।




अभिषेक धनगर
(छोटू)
कमल खिलाया है
कमल ही खिलायेंगे
रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी
श्री सुनील सोनी जी के विशाल नामांकन रैली में
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
दिनांक : 25.10.2024, शुक्रवार
समय : दोपहर 12.00 बजे से
स्थान : भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से
कलेक्ट्रेट परिसर, रायपुर तक
राकेश धनगर
पंकज धनगर
उत्तम गुप्ता
हीरा लाल
गैंद कुमार मानिक
किशोर सेन
तरूण सेन
उमाकांत दीप
दिनेश धनगर
(शुभम)
अमीर कोसे
कौशल श्रीवास
शंकर धीवर
आदित्य धनगर
(मोंटू)
सदैव आपका अपना : ओमप्रकाश धनगर (गुल्लू) एवं विनीत दास टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)